# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9363 / 2026 दिनांकः 02 फरवरी, 2026

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

01. **निदेशक शैक्षणिक,**
**विश्वविद्यालय परिसर।**

02. **प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक**
**सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,**
**जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,**
**बलिया।**

**विषयः–विषम सेमेस्टर के 'सतत आन्तरिक मूल्यांकन' एवं 'प्रायोगिक / मौखिक' परीक्षा के अंकों को सब्मिट / सत्यापित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनेकों महाविद्यालयों द्वारा अभी तक विगत सम्पन्न विषम सेमेस्टर परीक्षा से सम्बन्धित **'सतत आन्तरिक मूल्यांकन' एवं 'प्रायोगिक / मौखिक' परीक्षा के अंकों** का विश्वविद्यालय पोर्टल पर सब्मिशन / वेरीफिकेशन नहीं किया गया है, जिस कारण सम्बन्धित छात्र / छात्राओं का परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। सम्बन्धित छात्र / छात्राओं द्वारा परीक्षाफल प्रकाशन हेतु निरन्तर दबाव बनाया जा रहा है।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों के **'सतत आन्तरिक मूल्यांकन'** एवं **'प्रायोगिक / मौखिक' परीक्षा के अंक अभी तक यथासम्बन्धित विश्वविद्यालयीय पोर्टलों पर सब्मिट / वेरीफाई नहीं किये गये हैं, वे प्रत्येक दशा में दिनांकः 07 फरवरी, 2026 तक सब्मिट / वेरीफिकेशन** कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

**भवदीय,**

**(एस0एल0पाल)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–**

1. **माननीय कुलपति जी।**
2. **प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।**
3. **सम्बन्धित पत्रावली।**

**कुलसचिव**